विरासत

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

वस्त्र मंत्रालय 15 **से** 28 **दिसंबर तक नई** दिल्ली में **विरासत साड़ी महोत्सव 2024** के **तीसरे संस्करण का** आयोजन कर रहा है।

- यह मेगा इवेंट विविध हस्तनिर्मित साड़ियों के प्रदर्शन तथा बुनकरों एवं कारीगरों को सीधे बाज़ार तक पहुँच प्रदान करते हुए **भारत के हैंडलूम विरासत को प्रोत्साहित करता है।**
- **भारत के हथकरघा क्षेत्र के बारे में:**
  - हथकरघा क्षेत्र लगभग **3.5 मिलियन लोगों** विशेष रूप से महिलाओं को **रोज़गार प्रदान करता है**, जिसके चलते यह **कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोज़गार क्षेत्रक बन गया है**।
  - यह अपनी **अनूठी क्षेत्रीय बुनाई** जैसे- **पैठणी, कांचीपुरम, बनारसी, पटोला** इत्यादि के लिये जाना जाता है। इनमें से प्रत्येक में विशिष्ट डिज़ाइन और रूपांकन होते हैं जो विश्व भर से साड़ी प्रेमियों का ध्यान आकर्षित करते हैं।
- **हथकरघा क्षेत्र के लिये सरकारी पहल:**
  - राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (NHDP)
  - कच्चा माल आपूर्ति योजना (RMSS)
  - बुनकरों के लिये मुद्रा ऋण/रियायती ऋण योजना
  - हथकरघा उत्पादक कंपनियाँ
  - डिज़ाइन संसाधन केंद्र (DRC)
  - एक ज़िला एक उत्पाद

और पढ़ें: हथकरघा क्षेत्र में सुधार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/viraasat